**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद–चित्रकूट में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओ के प्रगति के सम्बन्ध में दिनांक–05.03.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–**

उक्त आयोजित बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहेः–

1. श्रीमती अमृतपाल कौर, (I.A.S) मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट।
2. श्री आशीष कुमार भारती, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग जल जीवन मिशन चित्रकूट।
3. श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता/श्री महाबीर, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग जल जीवन मिशन चित्रकूट।
4. श्री शशिकान्त मौर्य, श्री बिस्मिल्लाह, श्री शोभित गुप्ता, श्री गुलाम सिबतैन, सहायक अभियन्ता, (सिविल)/SWSM उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट।
5. श्री अभयनारायन दीक्षित, डिप्टी टीम लीडर, (TPI)
6. श्री प्रोबिंस कटियार, कन्सट्रक्शन मैनेजर, कार्यदायी संस्था (L&T)
7. श्री एस0 मौर्या, डी0पी0एम0, कार्यदायी संस्था जी0वी0पी0आर0।
8. श्री अजय मिश्र, प्लानिंग इंजीनियर, कार्यदायी संस्था (GVPR)।
9. श्री कुलजीत, प्रतिनिधि मैसर्स श्री विद्युत कुमार जैन, ठेकेदार रेट्रोफिटिंग जल निगम पैकेज–01
10. श्री सुशील कुमार द्विवेदी, प्रतिनिधि मैसर्स श्री सन्तोष कुमार द्विवेदी, ठेकेदार रेट्रोफिटिंग जल निगम पैकेज–2 व 3
11. श्री शिवम, प्रतिनिधि मैसर्स भारतीय इंजीनियर्स, जी0एफ0–18, अली कार्पोरेट प्लाजा मैरिज रोड, अलीगढ।
12. श्री आलोक कुमार, मैसर्स ए0आर0 कन्सट्रक्शन कम्पनी, अतर्रा चुंगी, बांदा।

---

सर्व प्रथम बैठक में उपस्थित नोडल विभाग (जल जीवन मिशन) के अधिशासी अभियन्ता, (सिविल) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्री आशीष कुमार भारती एवं अधिशासी अभियन्ता, (विद्युत यान्त्रिकी) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्री सुमित कुमार, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी सेसिंस टेक लि0 (TPI) के डिप्टी टीम लीडर श्री अभयनारायन दीक्षित तथा कार्यदायी संस्था–(L&T)के कंस्ट्रक्शन मैनेजर, कार्यदायी संस्था–(GVPR) इंजीनियर्स लि0 के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, श्री एस0 मौर्या से जनपद चित्रकूट में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन सिलौटा सिलौटा मुस्तकिल व चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना, रैपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना तथा रेट्रोफिटिंग व पुनर्गठन पेयजल योजनाओं (पैकेज संख्या–01 ,02 एवं 03) व मऊ ग्राम समूह परियोजना, बरगढ, परदवां, कोल्हुवामाफी परियोजना के विभिन्न कम्पोनेंट्स पर किये गये कार्यो की भौतिक प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। उक्त बैठक मे निर्माणाधीन परियोजनाओ की समीक्षा का विवरण निम्नवत हैः–

| S. No | District | Agency | Scheme | Village Alloted | Intake | WTP | CWR | | OHT | | | ROAD RESTORATION | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | Required | Complete till Date 05.03.2025 | Required | Complete till Date 05.03.2025 | Completed (%) | Villages Alloted | Complete till Date 05.03.2025 | Restored (%) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | Chitrakoot | GVPR | Raipura GOV | 71 | 1 (98%) | 1 (95%) | 11 | 11 | 28 | 24 | 86% | 71 | 58 | 82% |
| | | Larsen & Toubro Ltd | Silauta Mustkil GOV | 59 | 1 (98%) | 1 (95%) | 6 | 6 | 17 | 17 | 100% | 59 | 54 | 92% |
| | | | Chandi Bangar GOV | 286 | 1 (95%) | 1 (90%) | 20 | 20 | 91 | 81 | 89% | 286 | 185 | 65% |
| Total Chitrakoot | | | | 416 | 3 | 3 | 37 | 37 | 136 | 122 | 84% | 416 | 297 | 79% |

| S.No | District | Name of Firm/ Agency | Scheme Name | Villages Alloted | PIPELINE(KM) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | RAW WATER | | | CLEAR WATER | | | DISTRIBUTION MAIN | | |
| | | | | | Required | Complete till Date 05.03.2025 | Completed (%) | Required | Complete till Date 05.03.2025 | Completed (%) | Required | Complete till Date 05.03.2025 | Completed (%) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Chitrakoot | GVPR | Raipura GOV | 71 | 2.41 | 2.41 | 100% | 245.00 | 245.00 | 100% | 635.00 | 593.00 | 93% |
| | | Larsen & Toubro Ltd | Silauta Mustkil GOV | 59 | 10.55 | 10.55 | 100% | 140.00 | 140.00 | 100% | 425.00 | 420.00 | 99% |
| | | | Chandi Bangar GOV | 286 | 2.24 | 2.24 | 100% | 547.00 | 537.00 | 98% | 2492.00 | 2219.00 | 89% |
| **Total Chitrakoot** | | | | **416** | **15.20** | **15.20** | **100%** | **932.00** | **922.00** | **98%** | **3552.00** | **3232.00** | **94%** |

| S. No | District | Name of Firm/ Agency | Scheme Name | HGJ Status | | | | | Comissioning of Village | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Villages Alloted | Household | FHTC Given as on Today | FHTC % | HGJ Certified Villages on 05.03.2025 | Comissioned village on 05.03.2025 | Regular water supply on 05.03.2025 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Chitrakoot | GVPR | Raipura GOV | 71 | 19570 | 17670 | 90% | 33 | 63 | 50 |
| | | Larsen & Toubro Ltd | Silauta Mustkil GOV | 59 | 11880 | 11817 | 99% | 48 | 59 | 57 |
| | | | Chandi Bangar GOV | 286 | 85767 | 77342 | 90% | 49 | 233 | 136 |
| | | Retro and Operation Maintainance Scheme | | 145 | 46582 | 46513 | 100% | 121 | 127 | 127 |
| **Total Chitrakoot** | | | | **561** | **163799** | **153342** | **92%** | **251** | **482** | **370** |

| | Raipura GOV | Silauta Mustakil GOV | Chandi Bangar GOV |
|---|---|---|---|
| Component | Balance Work | | |
| Intake Well | For Intakewell<br>1. PLC and Scada installations not started.<br>2. Screening strainer for intake inlet chambers.<br>3. Intake well screed concrete.<br>4. Roof slab water proffing.<br>5. Soil removing and Pitching work.<br>6. Final Cable dressing and its arrangement works.<br>7. Temporary Earthing and cabling work done.<br>8. EOT Crane and Window installations.<br>9. Lightning arrestor not installed.<br>10. House keeping and final cleaning works.<br>For Switch Yard<br>1. Round Fencing work in earthpit chamber and DG shed not completed.<br>2. Earth bedding and stone filling work not done. | 1.PLC and Scada installations balance.<br>2. House keeping and final cleaning works.<br>3. Roof slab water proffing.<br>4. Raw water Chanel concrete work.<br>5. Connecting of Approach bridge with road.<br>6. Final Cable dressing and its arrangement works.<br>7. Final Earthing and cabling work done balance.<br>8. Lightning arrestor not installed.<br>9. Round Fencing work in earthpit chamber and DG shed not completed. | Civil Works<br>1. Roof slab water proffing work.<br>2. Inlet water channel construction work is balance.<br>E&M Works<br>1. PLC and Scada installations with wireless telemetry voice & data work balance.<br>2. Final Cable dressing and its arrangement works.<br>3. Final Earthing and cabling work done balance.<br>4. Lightning arrestor not installed.<br>5. Round Fencing work in earthpit chamber and DG shed not completed. |
| WTP | Civil Works<br>1. Final NABL approved lab.<br>2. CTE & CTO certification from Pollution Control Board.<br>2. Housekeeping work at every structure.<br>3.Manaually chlorine and alum dosages is being done at WTP.<br>E&M Works<br>1. Back wash pump not Installed.<br>2. Gate Valve,Valve installation work is incomplete.<br>3. Cable laying and connection work is incomplete.<br>4. PLC and Scada installations work is incomplete.<br>5. Final Cable dressing and its arrangement works.<br>6. Earthing and cabling work incomplete.<br>7. E&M instrumentation work is balance.<br>8. DG shed work is balance.<br>9. Chlorine Eyewash arrangement is not installed.<br>10. Chlorination pit constructed but not functional.<br>11. EOT at Pump house & Chlorination Room not installed. | Civil Works<br>1. Final Finshing and cleaning work.<br>3. Land scaping work in progress.<br>4. Housekeeping work at every structure.<br>5. Final NABL Approved Lab.<br>6. Manaually chlorine and alum dosages is being done at WTP.<br>E&M Works<br>1. PLC and Scada testing and commissioning work.<br>2. Final Cable dressing and its arrangement works.<br>3. E&M instrumentation work balance.<br>4. DG shed work balance.<br>5.Chlorination pit constructed but not functional. | Civil Works<br>1. Internal road and developement works.<br>2. Land scaping works.<br>3. Final boundary and retaining wall work.<br>4. Final NABL approved lab.<br>5. Manaually chlorine and alum dosages is being done at WTP.<br>E&M Works<br>1. PLC and Scada installations.<br>2. Final Cable dressing and its arrangement works.<br>3. Final Earthing and cabling work balance.<br>4. E&M instrumentation work balance.<br>5. DG shed work balance.<br>6. Chlorination pit constructed but not functional.<br>7. Stabalizer procurement not done.<br>8. Instrumens like PH, Turbidity and Chlorine analyser, ROFT & LOHT are not installed. |
| CWR | All CWR are functional<br>1. Chlorination at 8/11 CWR is functional.<br>2. Instrumentations and Scada Panel installation work is yet to be done.<br>3. Balance work like- Painting, Mosquito net, Lightning arrestor, Water level Indicator, Manhole cover with ladder,Earthing and cabelling etc. | 6 cwr are functional<br>1. Chlorification at all CWR is functional.<br>2. Instrument,scada,panel installation work.<br>3. Balance work like- Campus developement and Final Painting, Mosquito net, Lightning arrestor, Water level Indicator, Manhole cover with ladder,Earthing and cabelling work. | All CWR are functional<br>1. Chlorification is functional at 16/19 CWR.<br>2. Instrumentations and Scada Panel installation work under progress.<br>3. Balance work like- Painting, Mosquito net, Lightning arrestor, Water level Indicator, Manhole cover with ladder, Earthing and cabelling, Campus developement, JJM logo, final finishing etc. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **OHT** | 1. 24 OHT Top dome completed and 23 nos OHT functionality work is completed.<br>01 OHT Tikariya Jamunihai work is at Bottom dome.<br>01 OHT Saraiya work at Plinth level.<br>01 OHT Rukhmabujurg at PCC level.<br>01 OHT Kharaundh is at excavation level.<br>2. Balance work like Painting, Mosquito net, Lightning arrestor, Water level Indicator, Manhole cover with ladder,Earthing etc.<br>3. DI/DF pipe installation not done at 05 OHT. | 1. 17 oht are functional.<br>2. Balance work like Campus Development, Final Painting, Mosquito net, Lightning arrestor, Water level Indicator, Manhole cover with ladder,Earthing work. | 1. 81 OHT Top dome completed and 71 nos OHT functionality work is completed.<br>04 OHT work is at Container wall (Bhiharwa Banger, Padri, Arjunpur, Panauti)<br>05 OHT work is at Bottom dome. (Ranipurbhatt,Delaura,Gopalpur, Bacharan, Patiyajabti)<br>01 OHT work is at Staging. ( Nonar )<br>2. Balance work like Painting, Mosquito net, Lightning arrestor, Water level Indicator, Manhole cover with ladder, Plinth protection and Earthing work etc.<br>3. DI/DF pipe installation done at 76/91 OHT. |
| **Pipe line** | 1. Approx 10.03 Km Clear water pipeline (demand only) & 28.29 km Distibution pipeline is yet to be laid.<br>Total Balance (38.32 kms.)<br>2. 63/71 villages commissioned till yet 8 villages balance.<br>3. 50/71 regular water supply done 21 villages balance.<br>4. Valve Chambers, Scour and Air Valve installation work is balance. | 1. Balance Pipeline - 5.8 km<br>2. 58/59 villages commissioned till yet 1 villages balance.<br>3. 57/59 regular water supply done 2 villages balance.<br>4. Valve Chambers, Scour and Air Valve installation work is balance. | 1.Total Pipeline Balance 252.6 kms<br>(Approx 9.2 Km Clear water pipeline (demand only) & 243.8 km Distibution pipeline is yet to be laid.)<br>2. 136/286 regular water supply done 150 villages balance.<br>3. 233/286 villages commissioned till yet 53 villages balance.<br>4. Valve Chambers, Scour and Air Valve installation work is balance. |
| **Road Restoration** | 58/71 villages done 13 balance. | Balance Road Restoration - 5 | 185/286 village done 101 village balance. |
| **FHTC** | 2585 FHTC connection balance. | Balance FHTC - 355 nos. | 8910 FHTC connections balance. |
| **Har Ghar Jal** | 33/71 village done 38 village certification still balance. | Balance HGJ- 10 | 48/286 village done 238 village certification is still balance. |

| List of Manpower Deployed for Civil work in JJM Chitrakoot Project on dated 05.03.205 Raipura | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S No. | Descriptions | Raipura WSS | | | |
| | | Required Team/ Manpower | Deployed Team/ Manpower | Required Team/ Manpower (E&M) | Deployed Team/ Manpower (E&M) |
| 1 | INTAKE | 10 | 0 | **10** | **0** |
| 2 | WTP | 20 | 06 | **20** | **8** |
| 3 | CWR & PH | 40 | 14 | **30** | **0** |
| 4 | OHT | 40 | 16 | **20** | **0** |
| 5 | PIPELINE & Gap Closing | 150 | 60 | - | - |
| 6 | COMMISSIONING | 100 | 30 | - | - |
| 7 | Road Restoration | 150 | 34 | - | - |
| 8 | FHTC | 100 | 37 | - | - |
| | Total | 610 | 197 | **80** | **8** |

| List of Manpower Deployed for Civil work in JJM Chitrakoot Project on dated 05.03.2025 SMCB | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S No. | Descriptions | Silauta Mustakil | | | | Chandi Banger | | | |
| | | Required Team/ Manpower | Deployed Team/ Manpower | Required Team/ Manpower (E&M) | Deployed Team/ Manpower (E&M) | Required Team/ Manpower | Deployed Team/ Manpower | Required Team/ Manpower (E&M) | Deployed Team/ Manpower (E&M) |
| 1 | INTAKE | 10 | 0 | 10 | 0 | 25 | 0 | 10 | 0 |
| 2 | WTP | 30 | 02 | 10 | 3 | 50 | 10 | 15 | 0 |
| 3 | CWR & PH | 50 | 14 | 30 | 0 | 75 | 47 | 50 | 16 |
| 4 | OHT | 75 | 15 | 10 | 0 | 450 | 251 | 40 | 0 |
| 5 | PIPELINE & Gap Closing | 40 | 16 | - | - | 250 | 79 | | - |
| 6 | COMMISSIONING | 30 | 15 | - | - | 350 | 69 | | - |
| 7 | Road Restoration | 30 | 10 | - | - | 350 | 45 | | - |
| 8 | FHTC | 50 | 9 | - | - | 150 | 50 | | - |
| | **Total** | **315** | **81** | **60** | **3** | **1700** | **551** | **115** | **16** |

उपरोक्त से स्पष्ट है कि फर्म के द्वारा सभी कम्पोनेन्टों पर आवश्यक मैनपावर एवं मशीनरी नहीं लगायी गयी है जिसके कारण उपरोक्त परियोजनाओ की कमीशनिंग, नियमित जलापूर्ति "हर घर जल" प्रमाणीकरण इत्यादि कार्यो की भौतिक प्रगति अत्यन्त धीमी एव खराब है। जो कि अत्यन्त ही आपत्तिजनक है। समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था (L&T) के कंस्ट्रक्शन मैनेजर, श्री प्रोबिन्स कटियार एवं कार्यदायी संस्था (GVPR) के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर श्री एस.मौर्या को निर्देशित किया गया कि अपने–अपने परियोजनाओ से सम्बन्धित इण्टेकवेल, WTP, CWRs, OHTs पाइपलाइन एवं गैप क्लोजिंग/होने वाले लीकेज, हाउस कनेक्शन, ग्रामों की कमीशनिंग, रोस्टवार नियमित जलापूर्ति, हर घर जल प्रमाणीकरण इत्यादि उपरोक्त अवशेष कार्यो के दृष्टिगत दोनो कार्यदायी संस्था (L&T/ GVPR) को अतिरिक्त मैनपावर एवं मशीनरी की तैनाती करते हुए गम्भीरता के साथ (24x7) दिन–रात्रि कार्य कराने की आवश्यकता है। सभी अवशेष कार्यो को अविलम्ब प्रत्येक दशा मे पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये है। साथ ही साथ फर्म एल0एण्ड0टी0, जी0वी0पी0आर0, रेट्रोफिटिंग के समस्त कान्ट्रैक्टर्स को निर्देश दिये गये कि पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस कनेक्शन कार्यो के दौरान मानक के अनुरूप ही पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन, एम0डी0पी0ई0 पाइप की गहराई करते हुये कार्य पूर्ण कराया जाये। नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, एवं टी0पी0आई0 के डिप्टी टीम लीडर को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ समस्त इंजीनियर्स को उपरोक्त परियोजनाओ के ग्रामो के कार्य स्थलों में भेजकर पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन के कार्यो को मानक के अनुरूप क्वालिटी/गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त समीक्षा बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, (सिविल) श्री आशीष कुमार भारती एवं अधिशासी अभियन्ता (विद्युत/यान्त्रिकी) श्री सुमित कुमार को समस्त कार्यों की गहनता से जांच व सघन पर्यवेक्षण करते हुये पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। निर्देशित किया गया कि वह टी0पी0आई0 सहित अपने अधीनस्थ समस्त इंजीनियर्स व कार्मिकों को उपरोक्त परियोजनाओ के निर्माणाधीन घटक के कार्य स्थलों पर भेजकर सिविल/इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल के कार्यो पर प्रयोग होने वाले समस्त मैटेरियल/सामाग्रियो की क्वालिटी/गुणवत्ता की जांच कराते हुये मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें व स्वयं भी स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों को अपनी निगरानी में गुणवत्तापूर्ण ससमय करायें।

## 2–नियमित जलापूर्ति एवं रोड रेस्टोरेशन की स्थिति

| क्र0 सं0 | प्रतिशत वार प्रगति | सिलौटा मु0 ग्राम समूह पेयजल परियोजना के ग्रामों की संख्या | | | | चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल परियोजना के ग्रामों की संख्या | | | | रैपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना के ग्रामों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रोड रेस्टोरेशन | नियमित जलापूर्ति | लक्षित मैनपावर | कार्यरत मैनपावर | रोड रेस्टोरेशन | नियमित जलापूर्ति | लक्षित मैनपावर | कार्यरत मैनपावर | रोड रेस्टोरेशन | नियमित जलापूर्ति | लक्षित मैनपावर | कार्यरत मैनपावर |
| 1 | 100 % | 12 | 21 | 100 | 41 | 20 | 10 | 950 | 193 | 06 | 23 | 400 | 124 |
| 2 | 75 से 99 % | 32 | 28 | | | 104 | 61 | | | 27 | 10 | | |
| 3 | 51 से 75 % | 8 | 1 | | | 136 | 29 | | | 09 | 11 | | |
| 4 | 25 से 50 % | 1 | 2 | | | 16 | 17 | | | 07 | 06 | | |
| 5 | 01 से 25 % | 0 | 2 | | | 2 | 19 | | | 23 | 21 | | |
| 6 | 0 % | 0 | 2 | | | 8 | 150 | | | — | — | | |

निर्माणाधीन परियोजनाओं की रोड रेस्टोरेशन की जो प्रगति jjm portal पर टी0पी0आई0 के द्वारा अपडेट की गयी है उसके अवलोकन से स्पष्ट है कि रोड रेस्टोरेशन के कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी एव खराब है। जो कि अत्यन्त ही आपत्तिजनक है। कार्यदायी संस्था (L&T/GVPR) के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित मशीनरी एवं मैनपावर की तैनाती नही किये जाने के कारण अधिकांश ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन कार्य अभी तक प्रारम्भ नही किया गया है जिससे क्षुब्ध होकर ग्राम के निवासियों, सम्बन्धित ग्राम प्रधान/अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा ऑनलाइन/ऑफलाइन शिकायते प्राप्त होती रहती है। इस सम्बन्ध मे सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/टीम लीडर्स को अतरिक्त मैनपावर लगाकर एवं मशीनरी बढाकर अविलम्ब जनपद में निर्माणाधीन समस्त पाइप पेयजल परियोजनाओ के अन्तर्गत ग्रामों में खोदी/तोडी गयी सडके/सी.सी.रोड/खडंजा/इंटरलाकिंग इत्यादि के रोड रेस्टोरेशन के कार्यो को शत–प्रतिशत मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित ग्रामों में शत–प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही jjm portal पर प्रगति अपडेट की जाये, अन्यथा की स्थिति में जांच करने पर यदि विसंगति पायी जाती है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही साथ नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, एवं टी0आई0पी के डिप्टी टीम लीडर को निर्देशित किया गया है कि स्वयं एवं अपने अधीनस्थ समस्त इंजीनियर्स को उपरोक्त परियोजनाओ के ग्रामो के कार्य स्थलों में भेजकर रोड रेस्टोरेशन के कार्यो पर प्रयोग होने वाले समस्त मैटेरियल/सामाग्रियो की मानक के अनुरूप क्वालिटी/गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा उपरोक्त ग्रामवासियों/मा0 जन प्रतिनिधियो को जल जीवन मिशन से सम्बन्धित समस्याओं का त्वरित समाधान कराना सुनिश्चित करें।

## उ0प्र0 जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं की समीक्षा –

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट की परियोजनायें रेट्रोफिटिंग व पुनर्गठन (पैकेज 01,02 व 03) मऊ बरगढ परदवा, कोल्हुवामाफी परियोजनाओं के कार्यो का विवरण निम्नवत है:–

| S. No | District | Scheme | Village Alloted | CWR | | OHT | | | Comissioning of Village | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Required | Complete till Date 05.03.2025 | Required | Complete till Date 05.03.2025 | Completed (%) | Comissioned village on 05.03.2025 | Regular water supply on 05.03.2025 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Chitrakoot | Package 1 | 16 | 11 | 11 | 5 | 5 | 100% | 10 | 14 |
| 2 | | Package 2 | 14 | 13 | 13 | 7 | 7 | 100% | 7 | 8 |
| 3 | | Package 3 | 10 | 10 | 10 | 5 | 5 | 100% | 4 | 5 |
| 4 | | Mau Retrofitting | 11 | 8 | 7 | 2 | 2 | 0% | 4 | 10 |
| 5 | | Bargarh Retrofitting | 9 | 9 | 8 | 0 | 0 | - | 6 | 8 |
| 6 | | Pardawan WSS | 3 | 0 | 0 | 3 | 2 | 67% | 1 | 1 |
| 7 | | Kolhua Mafi | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 100% | 0 | 0 |
| **Total Chitrakoot** | | | **64** | **51** | **49** | **23** | **22** | **69%** | **32** | **46** |

| S.No | District | Scheme | Village Alloted | Pipeline | | | | FHTC | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Rising Main | | Distribution | | | |
| | | | | Required | Complete till Date 05.03.2025 | Required | Complete till Date 05.03.2025 | Required | Complete till Date 05.03.2025 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Chitrakoot | Package 1 | 16 | 7.06 | 3.49 | 113.54 | 123.97 | 9358 | 9094 |
| 2 | | Package 2 | 14 | 12.46 | 6.29 | 99.44 | 94.69 | 6122 | 4075 |
| 3 | | Package 3 | 10 | 11.49 | 6.05 | 71.21 | 71.21 | 9355 | 4442 |
| 4 | | Mau Retrofitting | 11 | 9.28 | 0 | 84.28 | 80.93 | 4215 | 2730 |
| 5 | | Bargarh Retrofitting | 9 | 14.13 | 0 | 67.97 | 67.97 | 2941 | 2744 |
| 6 | | Pardawan WSS | 3 | 0.65 | 0 | 9.50 | 8.80 | 790 | 460 |
| 7 | | Kolhua Mafi | 1 | 0.05 | 0 | 2.55 | 2.00 | 60 | 30 |
| Total Chitrakoot | | | 64 | 55.12 | 15.83 | 448.49 | 449.57 | 32841 | 23575 |

संज्ञानित हुआ है कि जल निगम की रेफ्ट्रोफिटिंग परियोजना अन्तर्गत पैकेज–01, 02, व 3, मऊ परियोजना, बंरगढ परियोजना, परदवा परियोजना, कोल्हुवामाफी परियोजना, के CWRs, OHTs पाइपलाइन तथा हाउस कनेक्शन के कार्यो की प्रगति काफी धीमी एवं खराब है। लक्ष्य के अनुरूप मैनपावर एवं मशीनरी नही लगायी जा रही है। उपरोक्त अवशेष कार्यो के दृष्टिगत कार्यदायी संस्थाओ को अतिरिक्त मैनपावर एवं मशीनरी की तैनाती करते हुए गम्भीरता से (24x7) दिन–रात्रि कार्य कराने की आवश्यकता है। ताकि उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण किया जा सके। साथ ही साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन सेसिंस टेक लि0 के डिप्टी टीम लीडर श्री अभयनारायन दीक्षित एवं नोडल विभाग जल निगम के अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त सहायक अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया कि उक्त परियोजना के सभी ग्रामो के कार्य स्थलों पर नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए उपरोक्त घटको पर प्रयोग होने वाले समस्त मैटेरियल/सामाग्रियो का मानक के अनुरूप क्वालिटी/गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यो मे भौतिक प्रगति बढाये जाने के पूर्ण सहयोग प्रदान करे तथा नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, श्री आशीष कुमार भारती, उपरोक्त सभी कार्यो का निरन्तर अनुश्रवण करते हुए अपने स्तर स्वयं मानीटरिंग करने के सख्त निर्देश दिये गये।

## लम्बित ऑनलाइन आई.जी.आर.एस सन्दर्भो का विवरण

| IGRS SUMMARY EE LEVEL | | | | | | | 05-03-2025 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| TYPE OF COMPLAIN | L&T | GVPR | JWIL | BARGARH | PACKAGE 1 | PACKAGE 2 | PACKAGE 3 | TOTAL |
| PIPE LAYING | 11 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 14 |
| ROAD RESTORATION | 13 | 6 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 21 |
| REGURAL WATER SUPPLY | 86 | 13 | 17 | 7 | 6 | 3 | 10 | 137 |
| LEAKAGE | 34 | 5 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 48 |
| HOUSE CONNECTION | 17 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 19 |
| TOTAL | 156 | 29 | 19 | 9 | 9 | 4 | 13 | 239 |

समीक्षा बैठक मे उपस्थित सभी कार्यदायी संस्थाओ प्रोजेक्ट मैनेजनर/टीम लीडर्स को निर्देशित किया गया कि अपने परियोजना क्षेत्र से सम्बन्धित सभी प्रकार की शिकायतें ऑफलाइन/ऑनलाइन आई.जी.आर.एस. सन्दर्भो का यथाशीघ्र/समयबद्ध एवं संतोषजनक, गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण कराया जाये तथा नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, श्री आशीष कुमार भारती को निरन्तर अनुश्रवण करते हुए अपने स्तर से स्वयं मानीटरिंग करने के निर्देश दिये गये।

## परियोजनाओं की समीक्षा के उपरान्त निम्नलिखित निर्देश दिये गये:–

1. जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद के समस्त निर्माणाधीन परियोजनायें तथा उ0प्र0 जल निगम की रेट्रोफिटिंग/डिमाण्ड ओनली वाली परियोजनाओ के अन्तर्गत घटकवार जैसे इण्टेकवेल, WTP, CWRs, OHTs के घटकवार अवशेष कार्य एवं पाइपलाइन, हाउस कनेक्शन, गैप क्लोजिंग/लीकेज/रोस्टरवार नियमित जलापूर्ति, कमीशनिंग के अवशेष कार्यों को पूर्ण कराने के लिये ग्रामवार माइक्रोप्लान तैयार कर नोडल विभाग जल निगम (ग्रामीण) के कार्यालय को उपलब्ध कराये जाये। ताकि सम्बन्धित इंजीनियर्स द्वारा उपरोक्त कार्यो की नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जा सके। सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत ट्रायल एण्ड रन का कार्य प्रगति पर है, जिसे 30 अप्रैल, 2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा चांदी बांगर ग्राम

समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अवशेष 10 नग ओ0एच0टी0 के कार्य के साथ–साथ अन्य समस्त निर्माण कार्यों को उपरोक्तानुसार दिए गए निर्देशों के अनुसार अविलम्ब पूर्ण कराकर योजना का ट्रायल एण्ड रन प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अवशेष 04 नग ओ0एच0टी0 के कार्य के साथ–साथ अन्य समस्त निर्माण कार्यों को भी उपरोक्तानुसार दिए गए निर्देशों के अनुसार अविलम्ब पूर्ण कराकर योजना का ट्रायल एण्ड रन प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। उपरोक्त परियोजनाओं के सभी घटकों/संरचनाओं पर समानान्तर रूप से पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी की तैनाती करते हुए समयबद्ध रूप से कार्य को पूर्ण कराया जाए। रेट्रोफिटिंग के समस्त ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए गए कि योजनान्तर्गत अवशेष समस्त कार्यों को अविलम्ब पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

2. रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत जियो फाइबर द्वारा पाइप लाइन तोड़ी गई थी, जिसके क्रम में जियो फाइबर के विरूद्ध एफ0आई0आर0 कराने के निर्देश दिए गए एवं विभिन्न विभागों के द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए पाइप लाइनों का प्राक्कलन तैयार करके सम्बन्धित विभाग को प्रेषित कराएं तथा समन्वय स्थापित करते हुए क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।
3. सिलौटा मुस्तकिल व चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना, रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना, रेट्रोफिटिंग व पुर्नगठन पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत प्रस्तावित राजस्व ग्रामों के मजरोंवार प्रस्तावित कार्यों, पूर्ण कराये गये कार्यों एवं अवशेष कार्यों का विवरण माइक्रो लेवल पर तैयार करके अग्रिम बैठकें आयोजित कराई जायें तथा मजरोंवार जल जीवन मिशन योजना का संतृप्तीकरण सुनिश्चित किया जाए।
4. रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 06 नग ओ0एच0टी0 (डोंडामाफी, सरहट, चूल्ही, ऐंचवारा, गोदरहाई एवं हनुवा) से आच्छादित होने वाले जिन ग्रामों एवं मजरों में पर्याप्त प्रेशर से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, उन ग्रामों एवं मजरों में सर्वेक्षण कार्य पुनः पूर्ण कराते हुए डिजाइन/ड्राइंग की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कि सम्बन्धित ग्रामों में पर्याप्त प्रेशर से जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके।
5. समस्त सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर को निर्देश दिये गये कि जनपद के जिन ग्रामों में शत–प्रतिशत रोड़ रेस्टोरेशन एवं नियमित जलापूर्ति का कार्य पूर्ण है तथा हर घर जल प्रमाणीकरण कराये गये ग्रामों का स्थलीय सत्यापन सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं सचिव/पंचायत सहायक से समन्वय स्थापित करते हुए कराना सुनिश्चित करें एवं सत्यापन रिपोर्ट अग्रिम बैठक में प्रस्तुत करें।
6. समस्त कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पाइप पेयजल परियोजनाओ के माध्यम से ग्रामीणो को ''हर घर नल हर घर जल'' के तहत सुरक्षित तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु क्लोरीनेशन उचित मात्रा मे किया जाये तथा रेग्युलर अन्तराल पर पेयजल सैम्पल लेकर जल गुणवत्ता का परीक्षण कराया जाये। उपरोक्त कार्य को गम्भीरता पूर्वक किया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलिता न बरती जाये। फर्म एल0एण्ड0टी0 एवं जी0वी0पी0आर0 को निर्देश दिये गये कि हर घर जल प्रमाणीकरण ग्रामों में नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। फर्म एल0एण्ड0टी0 के कन्सट्रक्शन मैनेजर एवं फर्म जी0वी0पी0आर0 के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत समस्त 59 ग्रामों में, चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत समस्त 286 ग्रामों में एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत समस्त 71 ग्रामों में शत–प्रतिशत नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।
7. निर्माणाधीन परियोजनाओ के जिन ग्रामों में ओ0एच0टी0, सी0डब्लू0आर0, डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन, राइजिंग मेन, हाउस कनेक्शन तथा रोड रेस्टोरेशन इत्यादि कार्यो को निर्धारित लक्ष्य अनुरूप पूर्ण कर लिया गया है तथा रोस्टरवार नियमित जलापूर्ति की जा रही हो उन सभीं ग्राम पंचायतों में खुली बैठक आयोजित कराकर ''हर घर जल'' मार्क किये जाने एवं प्रमाणीकरण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जाये। उक्त बैठक में अधिक से अधिक ग्रामवासियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये।
8. जनपद में निर्माणाधीन समस्त कार्यदायी संस्थाओ द्वारा अपने–अपने परियोजना अन्तर्गत कार्य हेतु प्रयुक्त सामाग्री एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाये तथा कार्यो हेतु प्रचलित विशिष्टियों एवं मानको का कड़ाई से अनुपालन किया जाये। प्रयुक्त सामग्री का परीक्षण प्रचलित विशिष्टियों/मानकों के अनुसार किया जाये। टी0पी0आई0 द्वारा उपरोक्त मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।
9. नोडल विभाग जल निगम ग्रामीण के समस्त इंजीनियर्स (सिविल/इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल)/टी0पी0आई0 द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करते हुये प्रचलित तकनीकी विशिष्टियों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्व रूप से निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। तथा अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण के द्वारा भी स्वयं के स्तर से प्रतिदिन मॉनीटरिंग कर अनुश्रण किया जाये।
10. जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन सभी पाइप पेयजल परियोजनाओं के सभी घटकों में विद्युत कनेक्शन/ऊर्जीकृत किये जाने हेतु अवशेष सभी कार्यों को यथाशीघ्र/समयबद्ध रूप से पूर्ण करायें।
11. जल जीवन मिशन अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी सडक/सी0सी0रोड/इन्टरलाकिंग इत्यादि को पाइप लाइन की हाइड्रोटेस्टिंग कार्य पूर्ण होने के उपरान्त तत्काल पुनः स्थापित करा दिया जाये, जिससे कि ग्रामीणों को परेशानी न हो। समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत समस्त ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त की गयी सडकों के पुर्नस्थापन का कार्य प्रत्येक दशा में दिनांक–31.03.2025 तक

पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित फर्मों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

12. फर्म एल0एण्ड0टी0 के कन्सट्रक्शन मैनेजर एवं फर्म जी0वी0पी0आर0 के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत शेष वितरण प्रणाली का कार्य दिनांक–31.03.2025, चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत शेष वितरण प्रणाली का कार्य दिनांक–31.03.2025 एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत शेष वितरण प्रणाली का कार्य दिनांक–31.03.2025 प्रत्येक दशा में शत–प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कार्य के दौरान यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रस्तावित ग्रामों के समस्त मजरों में मानक के अनुरूप पाइप लाइन बिछाकर हाउस कनेक्शन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिये आवश्यक समस्त कार्य पूर्ण हो जायें।
13. फर्म एल0एण्ड0टी0 के कन्सट्रक्शन मैनेजर एवं फर्म जी0वी0पी0आर0 के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत डिमाण्ड ओनली के समस्त ग्रामों में राइजिंग मेन का कार्य दिनांक–31.03.2025, चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत डिमाण्ड ओनली के समस्त ग्रामों में राइजिंग मेन का कार्य दिनांक–31.03.2025 एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत डिमाण्ड ओनली के समस्त ग्रामों में राइजिंग मेन का कार्य दिनांक–31.03.2025 तक प्रत्येक दशा में शत–प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
14. चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत समस्त सी0डब्लू0आर0, डब्लू0टी0पी0 व इन्टेक वेल पर कुल 21 नग पम्पिंग स्टेशन में से केवल 07 नग पम्पिंग स्टेशन पर ही सेपरेट फीडर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जा रही है तथा शेष 14 स्थलों पर घरेलू फीडर से विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिसके कारण प्राप्त विद्युत आपूर्ति में लो–वोल्टेज एवं निरन्तर विद्युत आपूर्ति न होने के कारण जलापूर्ति में समस्यायें उत्पन्न हो रही हैं, जिसके कम में श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), राजापुर को निर्देश दिये गये कि उक्त सभी स्थलों पर सेपरेट फीडर के माध्यम से विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, जिससे कि पेयजल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न न हो तथा उक्त के संबंध में अधोहस्ताक्षरी के स्तर से प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण खण्ड दक्षिणांचल को पत्र प्रेषित कराया जाये।
15. फर्म एल0एण्ड0टी0 के कन्सट्रक्शन मैनेजर एवं फर्म जी0वी0पी0आर0 के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के माध्यम से निकलने वाले स्लज को मानक के अनुरूप स्लज ट्रीटमेन्ट हेतु स्लज ड्राइंग बेड का निर्माण कार्य अविलम्ब पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।
16. फर्म एल0एण्ड0टी0 के कन्सट्रक्शन मैनेजर एवं फर्म जी0वी0पी0आर0 के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत डब्लू0टी0पी0 पर अधिष्ठापित प्रयोगशालाओं का NABL से रेकगनीशन प्रमाण पत्र एक सप्ताह के अन्दर प्राप्त करना सुनिश्चित करें। योजनाओं के अन्तर्गत बिछायी गयी पाइप लाइनों को के0एम0एल0 फाइल का डाटा तैयार कर जे0जे0एम0 पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। सिलौटा मुस्तकिल एवं चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना तथा रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के आटोमेशन इन्टीग्रेशन का कार्य जे0जे0एम0 पोर्टल पर एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करा लिया जाये।
17. प्रत्येक सप्ताह शत–प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन एवं नियमित जलापूर्ति पूर्ण वाले ग्रामों में मा0 जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में जन चौपाल/उद्घाटन का आयोजन कराया जाए तथा उक्त ग्रामों की सूची मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करायी जाये।
18. योजनान्तर्गत शत–प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन एवं नियमित जलापूर्ति वाले ग्रामों में निम्न विवरण के अनुसार जूनियर इंजीनियरवार लक्ष्य आवंटित किया गया एवं निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक के पूर्व उक्त निर्धारित ग्रामों में प्रत्येक दशा में शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**विवरण**

| क0सं0 | जूनियर इंजीनियर का नाम | शत–प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन एवं नियमित जलापूर्ति वाले ग्रामों के नाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री विजय शंकर यादव | हनुवा, अगरहुण्डा, अरवारा, सरहट एवं बराहमाफी |
| 2 | श्री हरिकेश | देउंधा, खोर, बरहट एवं रमटेकवा |
| 3 | श्री श्रीचन्द्र | सुरखिहा, धौरहरा बांगर, नैनी बांगर, कुसेली एवं कलवलिया |
| 3 | श्री विन्ध्यवासिनी प्रसाद चौबे | रैपुरवामाफी, बीरा, बीरामिस्प एवं बरमपुर |
| 4 | श्री अभिजीत यादव | सिकरिया, सालिगपुर, नेहदुआ, गनीवा, नहरा एवं रामपुर |
| 5 | श्री शिवम त्रिपाठी | ब्यूर, ऐरानमाफी, दुबारी, शीतलपुर कोनहस, ताम्रबनी एवं गौरीमाफी |

इसके अतिरिक्त उक्त समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था-(L&T) / (GVPR)इंजीनियर्स लि0 के प्रोजेक्ट मैनेजर /डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर तथा जल निगम के समस्त ठेकेदारों को अपने-अपने परियोजना से आच्छादित घटकवार अवशेष कार्यो को समयबद्व तरीके से पूर्ण किये जाने हेतु कार्य स्थलों में अतिरिक्त मैनपावर/टीम/मशीनरी की तैनाती करते हुए समस्त अवशेष कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल निगम ग्रामीण अधिशासी अभियन्ता सिविल/विद्युत यान्त्रिकी एवं (TPI) के डिप्टी टीम लीडर को निर्देशित किया गया कि स्वयं व अपने अधीनस्थ समस्त इंजीनियर्स के माध्यम से नियमित रूप से फील्ड भ्रमण कर प्रतिदिन की जी.पी. एस.फोटोग्राफ्स/रिपोर्ट की आख्या जे0जे0एम0 वाट्सएप ग्रुप पर प्रेषित करने के साथ-साथ परियोजनाओं के लम्बित कार्यो की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने हेतु अपने स्तर से स्वयं मानीटरिंग कर ससमय कार्य गुणवत्तापूर्वक कराते हुए योजनाओ के सफल क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश के साथ सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

**(शिवशरणप्पा जी0एन0)**
**जिलाधिकारी**
**चित्रकूट**

## कार्यालय जिलाधिकारी चित्रकूट

**संख्या** 421 **/बैठक ज0मी0मि0-चित्रकूट /2025/** 55 **दिनांक** 21/03/ **2025**

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रमुख सचिव महोदय (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) लखनऊ।
4. आयुक्त महोदय, चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा।
5. मुख्य अभियन्ता, (बुन्देलखण्ड क्षेत्र) उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण) झांसी ।
6. मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट।
7. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), चित्रकूट।
8. जिला विकास अधिकारी, चित्रकूट।
9. जिला पंचायतराज अधिकारी, चित्रकूट।
10. समस्त खण्ड विकास अधिकारी चित्रकूट।
11. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग चित्रकूट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
13. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), राजापुर।
14. समस्त सहायक अभियन्ता, सिविल/मैकनिकल इंजीनियर (SWSM) को आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
15. डिप्टी टीम लीडर, थर्ड पार्टी इंपेक्शन (टी0पी0आई0) , सेल्सिस टेक लि0 चित्रकूट को अनुपालनार्थ।
16. क्लस्टर हेड/स्टेट हेड, कार्यदायी संस्था L&T/GVPR को को आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
17. प्रोजेक्ट मैनेजर/डी0पी0एम0 कार्यदायी संस्था L&T/GVPR को अनुपालनार्थ।
18. समस्त ठेकेदार उ0प्र0 जल निगम/रेट्रोफिटिंग पैकेज-1,2,3, मऊ व बरगढ, परदवां एवं कोल्हुवामाफी को अनुपालनार्थ।

**जिलाधिकारी**
**चित्रकूट**